## खबर संक्षेप



### 8 सालों से फरार आरोपित राजस्थान से किया गया गिरफ्तार

**कटनी।** स्लीमनाबाद व ढीमरखेड़ा पुलिस ने 3 गंभीर मामले में 8 सालों से फरार स्थायी वारंटी को भीलवाड़ा राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। यहा कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी स्लीमनाबाद श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद एवं थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा के संयुक्त नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार 02/02/2026 को थाना स्लीमनाबाद व थाना ढीमरखेड़ा पुलिस को न्यायालय कटनी के प्र.क्रं. 144/2018 धारा 366,376 IPC, प्र.क्रं. 170/2016 धारा 395 ,397 IPC, 25 आर्म्स एक्ट, प्र.क्रं. 169/2016 धारा 395, 397 IPC, प्र.क्रं. 4668/2016 धारा 294, 323, 506, 427, 34 IPC के मामले में 8 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी किस्सू उर्फ रामकिशोर काछी पिता जैनीलाल काछी 33 साल निवासी ग्राम अतरसुमा थाना ढीमरखेड़ा हाल पटेल नगर थाना प्रतापनगर भीलवाड़ा राजस्थान को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश कुमार, थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा अभिषेक चौबे, एएसआई विजेंद्र तिवारी , प्रआर प्रेम शंकर पटेल, आर अचल सिंह, साइबर सेल से आर अजय साकेत की भूमिका रही।

### नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कटनी।** शहर के एन.के.जे. थाना अंतर्गत एक नाबालिग छात्रा द्वारा बच्चे को जन्म देने के मामले में पुलिस की जांच के बाद प्रारंभिक तौर पर सामने सामूहिक दुष्कर्म की आशंका को पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और गहन पूछताछ के बाद खारिज कर दिया है। 2 फरवरी को जिला अस्पताल में नाबालिग की डिलीवरी होने के बाद पुलिस और प्रशासन सक्रिय हुआ। महिला थाना और बाल कल्याण समिति द्वारा पीड़िता की संयुक्त काउंसलिंग की गई। इस दौरान छात्रा ने सच बयां किया। पीड़िता ने स्पष्ट किया कि सामूहिक दुष्कर्म की बात सही नहीं थी। घटना को उसके एक परिचित मित्र ने अंजाम दिया था। पीड़िता के बयानों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी को चिह्नित कर उसे हिरासत में ले लिया है। थाना एन.के.जे. पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच और मौके के साक्ष्य गैंगरेप की पुष्टि नहीं करते हैं। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी के विरुद्ध पाक्सो एक्ट एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वर्तमान में पीड़िता और नवजात शिशु दोनों सुरक्षित हैं और जिला अस्पताल में चिकित्सकीय देखरेख में हैं।

रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टहकारी मार्ग पर हुआ हादसा, रिश्तेदारी से लौट रहे थे युवक

# रफ्तार ने छीनी जिंदगी : मोटर साइकिलों के बीच हुई भिड़ंत में दो युवकों की मौत, 2 गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

जिले में हादसों का ग्राफ बढ़ रहा है। आये दिन हादसों में कहीं लोगों की जान जा रही है तो कहीं गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। यातायात नियमों का पालन नहीं करने से लेकर तेज रफ्तार हादसों की मुख्य वजह सामने आती हैं। कई बार मवेशियों की वजह से भी वाहन चालकों को अपनी जान गंवानी पड़ती है।

इसी क्रम में रीठी थाना क्षेत्र में टहकारी मार्ग पर मंगलवार शाम दो बाइकों के बीच हुई सीधी भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। यह हादसा शाम करीब 5 बजे तेज रफ्तार के कारण हुआ। हादसा इतना भीषण था कि पन्ना निवासी जय सिंह (18 वर्ष) और कटनी के झिंझरी निवासी भानु प्रताप सिंह (35 वर्ष) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। टक्कर की आवाज सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हुए और पुलिस को सूचना दी। जय सिंह अपने साथी के साथ रिश्तेदारों से मिलकर लौट रहा था, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई।



### दो घायल अस्पताल में भर्ती

दुर्घटना में गजेंद्र सिंह (23 वर्ष) और बकुतू आदिवासी (58 वर्ष) को गंभीर चोटें आई हैं। रीठी थाना पुलिस ने 112 वाहन की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। मृतकों के शव पीएम के लिए भिजवाये। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## महगांव के ग्रामीणों में बढ़ी दहशत, बाड़े में घुसे तेंदुए ने 5 बकरियों एवं 3 भैंसों को मार डाला



विजयराघवगढ़ वन परिक्षेत्र अंतर्गत एक बार फिर तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। ग्राम महगांव में स्थित घर के बाड़े में घुसे तेंदुआ ने मवेशियों को मार डाला। जानकारी के अनुसार महगांव निवासी महिला किसान मीना बाई पंजाबी के घर के समीप बने बाड़े में मंगलवार की दरमियानी रात तेंदुए ने धावा बोल दिया। तेंदुए ने वहां बंधे मवेशियों पर हमला करते हुए पांच बकरियों और तीन भैंसों को मौत के घाट उतार दिया। सुबह जब मीना बाई मवेशियों को देखने पहुंचीं तो सभी जानवर मृत अवस्था में मिले। एक साथ आठ मवेशियों के मारे जाने से परिवार को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। इस घटना के बाद से महगांव और आसपास के गांवों में जबरदस्त दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ अब सीधे घरों और बाड़ों तक पहुँच रहा है, जिससे घर से बाहर निकलना भी दूभर हो गया है। उल्लेखनीय है कि इसी वन परिक्षेत्र के घुनौर ग्राम में 30 दिसंबर को इसी तेंदुए ने 10 वर्षीय बालक राज कोल पर हमला कर उसकी जान ले ली थी। लगातार हो रही इन घटनाओं ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम महगांव पहुंची। अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया, जहाँ उन्हें तेंदुए के स्पष्ट पदचिह्न मिले हैं। विभाग ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आसपास के जंगलों में सर्चिंग अभियान तेज कर दिया है और ग्रामीणों को रात के समय सतर्क रहने की सलाह दी है।



## कार्य के दौरान करंट की चपेट में आया मजदूर, बुरी तरह झुलसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधव नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को हाईटेंशन बिजली की लाइन की चपेट में आने से एक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। घायल मजदूर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार माधव नगर के मदन मोहन चौबे वार्ड निवासी राजकुमार कोल 32 साल पत्थर उतारने का काम कर रहा था। इसी दौरान वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। करंट का झटका इतना जोरदार था कि राजकुमार मौके पर ही बुरी तरह झुलस कर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत अस्पताल पहुँचाया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों में बिजली कंपनी के खिलाफ भारी रोष है। लोगों का आरोप है कि रिहायशी इलाकों और कार्यस्थलों के इतने करीब से गुजर रहे खुले तार लोगों के लिए मौत का जाल बने हुए हैं। कुछ ही दिनों पहले इसी क्षेत्र में एक अन्य मजदूर की भी करंट लगने से मौत हो चुकी है, लेकिन प्रशासन और बिजली कंपनी ने इससे कोई सबक नहीं लिया। बिजली कंपनी और संबंधित ठेकेदार सुरक्षा मानकों की लगातार अनदेखी कर रहे हैं। पुलिस की कार्रवाईहादसे की सूचना मिलते ही माधव नगर थाना पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है और सुरक्षा उपायों की अनदेखी करने वालों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 117 क्विंटल खाद्यान्न चोरी के मामले में 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

बरही थाना क्षेत्र में शासकीय उचित मूल्य दुकान लुरमी से शासकीय गेहूं चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर चोरी के मामलों में सख्ती से कार्रवाई करते हुए बरही पुलिस ने शासकीय गेहूं चोरों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में एवम् थाना प्रभारी बरही अरविंद कुमार चौबे के नेतृत्व में ग्राम लुरमी स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान से में हुई चोरी का खुलासा किया गया।



पुलिस के अनुसार प्रार्थीया राकेशरी राय ने अपनी शिकायत में बताया कि शासकीय उचित मुल्य की दुकान लुरमी में 26 जनवरी को अज्ञात व्यक्तियों चोरी की वारदात की गई। राशन दुकान में रखी गेहूँ एवं चावल की लगभग 140 बोरियों चोरी कर ले गये जिनमें 89 क्विंटल गेहू व 28 क्विंटल चावल कलु 117 कुन्टल अनाज चोरी चला गया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 331(3),305 (E) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

थाना प्रभारी बरही अरविंद कुमार चौबे के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने 1. प्रदीप कचेर पिता रामकिशोर कचेर 27 साल निवासी ग्राम रोहनिया थाना बड़वारा 2. लाल गोविंद उर्फ लाले कुशवाहा पिता कमल कुमार कुशवाहा 22 साल निवासी मझगवा थाना बड़वारा 3. ताहिर अंसारी पिता मो इस्माइल अंसारी 26 साल निवासी भूडसा थाना बड़वारा 4.मुकेश कुमार रजक पिता हजारी लाल रजक 33 साल निवासी भूडसा थाना बड़वारा 5.एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया । पूछताछ में चारों आरोपियों ने चोरी करना कबूल किया। जिन्होंने बताया कि घटना मे अन्य तीन आरोपी रोशन सिंह, गगन सिंह, एवं राघवेंद्र सिंह भी शामिल हैं जो वर्तमान में फरार है। पुलिस ने चोरी गया गेहूं बरामद कर लिया है तथा घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन क्रमांक MP 54 ZA 6724 को भी जप्त किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी बरही अरविंद कुमार चौबे, उप निरीक्षक विनोद कांत सिंह, सहायक उप निरीक्षक राजेश कोरी, प्र आर अतुल तिवारी, आर विवेक श्रीवास्तव, आर विवेक यादव की मुख्य भूमिका रही।

## सीनियर्स विद्यार्थियों को दी विदाई, अनुभव किये साझा



सिलौंडी के शासकीय बालक हायर सेकंडरी और कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में 12वी के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित हुआ। कक्षा 12वीं के छात्रों की पीछे की कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के उपहार, स्वल्पाहार के साथ बिदाई दी। इस माह से परीक्षाएं भी होना है। शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सिलौंडी में वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तरह में बालक हायर सेकंडरी स्कूल में ग्यारहवीं कक्षा के बच्चों ने बारहवीं के बच्चों को एक वृहद कार्यक्रम आयोजित कर सीनियर्स को विदाई दी। इस दौरान छात्र ने अपने अपने अनुभव को मंच से साझा किया । संकुल प्राचार्य चंद्र कुमार परसवार , कन्या हाई स्कूल प्राचार्य विशाल वरकड़े, सुभाष बागरी ,तुलसी नामदेव, रवि राय ,अंकुल बर्मन ,अशोक हल्दकार,अनुराग सर सहित छात्र छात्राओं की मौजूदगी रही।

# महापौर ने सुनी समस्यायें, शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने अधिकारियों को दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम कार्यालय से संबंधित आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण कर शासन मंशानुरूप समयबद्ध तरीके से शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक कार्यालय नगर निगम कटनी, सहित जोन कार्यालय दुर्गा चैक खिरहनी में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर निगम कार्यालय एवं जोन कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आवेदन देने पहुंचे विभिन्न नागरिकों के आवेदन पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा सहानुभूति पूर्वक सुनवाई करते हुए विभागीय



अधिकारियों को तय समय-सीमा में आवेदनों पर कार्यवाही करने के दिशा- निर्देश दिए।

महापौर जनसुनवाई के दौरान महापौर श्रीमती सूरी द्वारा 21 नागरिकों के आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक सुनवाई की गई तथा एक आवेदक को तत्काल सेवा प्रदान की जाकर शेष आवेदनों पर भी तय अवधि में नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। वहीं जोन कार्यालय खिरहनी में आयोजित जनसुनवाई के दौरान पहुंचे 24 आवेदकों के आवेदनों पर निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित शाखाओं के अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त द्वारा कार्यालय में आयोजित जल सुनवाई में की पेयजल संबंधी समस्याओं की सुनवाई की जाकर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए।

## शराब पीकर विद्यालय आने वाला सहायक अध्यापक निलंबित

**कटनी।** शिक्षा के मंदिर में शराब पीकर आने और अनुशासनहीनता बरतने पर जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने संकुल केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराघवगढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला गोइन्द्रा में पदस्थ सहायक अध्यापक अरविन्द कुजूर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह मामला तब प्रकाश में आया जब ग्रामीणों ने शिक्षक की इस हरकत का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद जनशिक्षक द्वारा विद्यालय परिसर पहुंचकर मामले की जांच की और पंचनामा तैयार किया। जांच के आधार पर यह पाया गया कि सहायक अध्यापक श्री कुजूर अक्सर शराब के नशे में स्कूल आते हैं और बच्चों को नहीं पढ़ाते हैं। सहायक अध्यापक श्री कुजूर का यह कृत्य घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है तथा म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 में निहित उपनियमों के विपरीत कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने अरविन्द कुजूर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में श्री कुजूर का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बड़वारा में नियत किया गया है एवं इस अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# बरही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना को मिली मंजूरी, 22 ग्राम हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में कटनी जिले के विकास को नई रफ्तार देते हुए 'बरही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना' को औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस परियोजना के आने से जिले के कृषि परिदृश्य में बड़ा बदलाव आयेगा।

परियोजना के अनुमोदन में विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक का प्रयास और सहयोग रहा। साथ ही कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में जल संसाधन विभाग ने योजना का तकनीकी खाका तैयार किया और इसे स्वीकृत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस परियोजना की कुल लागत 566.92 करोड़ रूपये है। परियोजनांतर्गत पूर्व निर्मित बाणसागर परियोजना पर इन्टेक वेल का निर्माण कर पाइप वितरण प्रणाली से सिंचाई के लिये जल का उद्वहन किया जायेगा।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री व्ही.ए. सिद्दीकी ने बताया कि इस परियोजना में कटनी जिले की बरही एवं विजयराघवगढ़ तहसील के 27 ग्रामों को शामिल किया गया है। इससे कुल 20 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई हेतु पानी मिलेगा और लगभग 11 हजार 500 कृषक परिवारों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

वर्तमान में जिले का कुल कृषि योग्य क्षेत्र 2 लाख 51 हजार 970 हेक्टेयर है। अब तक निर्मित और निर्माणाधीन परियोजनाओं के माध्यम से 82 हजार 240 हेक्टेयर (लगभग 32 प्रतिशत) क्षेत्र में ही सिंचाई की सुविधा उपलब्ध थी। इस नई परियोजना के क्रियान्वयन से सिंचाई का यह प्रतिशत बढ़ेगा, जिससे जिले की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। वर्तमान में प्रति व्यक्ति आय के मामले में कटनी प्रदेश में 15वें स्थान पर है। इस सिंचाई परियोजना से किसानों की पैदावार बढ़ेगी और उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

निगमायुक्त ने पाइपलाइन विस्तार एवं नाला ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

# सब्जी मंडी में पसरे अतिक्रमण को हटाने अभियान चलाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने मंगलवार को गुरुनानक वार्ड सब्जी मंडी में चल रहे पाइप लाइन विस्तार कार्य, मसुरहा घाट में निर्मित लिक्विड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट सहित आचार्य विनोबा भावे वार्ड खिरहनी बस्ती का पैदल भ्रमण कर नगर निगम द्वारा प्रदाय की जाने वाली पेयजल, साफ सफाई सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, अंशुमान सिंह, सहायक यंत्री सुनील सिंह, अनिल जायसवाल उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव सहित निर्माण



एजेंसी के प्रतिनिधियों एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम गुरुनानक वार्ड में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु सब्जी मंडी में चल रहे नवीन पाइपलाइन विस्तार कार्य का स्थल निरीक्षण किया। कार्यपालन यंत्री श्री सुधीर मिश्रा द्वारा नागरिकों को पर्याप्त एवं शुद्ध पेयजल आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए जिन स्थलों पर पुरानी पेयजल पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त अथवा खराब होने से जलापूर्ति प्रभावित होने की संभावना है वहां नवीन पाईलाईन विस्तार कार्य कराये जाने की जानकारी दी गई। निगमायुक्त ने नागरिकों की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने हेतु पेयजल पाइप लाइन विस्तार के कार्य को मजबूती के साथ करने के निर्देश दिए। नागरिकों के सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए पाईपलाईन विस्तार पश्चात शीघ्र ही स्थल को समतल करने तथा सब्जी मंडी में अतिक्रमण अभियान चलाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नगर के मोहन घाट, गाटरघाट एवं मसुरहा घाट में मिलने वाले नालों के पानी के ट्रीटमेंट हेतु मसुरहा घाट में 6 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित लिक्विड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर गंदे पानी को शुद्ध करने की विभिन्न प्रक्रियाओं की बारीकी से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त द्वारा प्लांट रूम, ऑपरेटर रूम अनोक्सिक टैंक मिक्सर, ओजीआई, बी एस, सी आय, एयर ब्लोअर, ए.सीएफ, एनसीएफ, यूवी पैनल, फ्लो मीटर मशीनों के चरणवार कार्य करने की पद्धति को समझा। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त द्वारा प्लांट के आसपास की शासकीय भूमि का सीमांकन कराने तथा नालों को व्यवस्थित कर स्थल प्लांट के आसपास के क्षेत्र में पर्याप्त साफ- सफाई कराने के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने आचार्य विनोवा भावे वार्ड स्थित खिरहनी की संपूर्ण बस्ती का पैदल भ्रमण निगम प्रशासन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# कलेक्टर ने समिति के कार्यों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह द्वारा बताया गया की मंगलवार को समिति प्रांगण बिजौरी में कलेक्टर आशीष तिवारी का आकस्मिक दौरा हुआ। समिति सचिव श्री सिंह ने बताया कि विगत 25 वर्षों से किसानों की स्थाई आजीविका सुनिश्चित करने प्रयासरत है। हमारे द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने गांव गांव में बीआरसी केंद्र का भी संचालन किया जा रहा है जहाँ से किसानों को उचित मूल्य में जैविक खाद और दवाई मिल जाती है। किसानों के डेवलपमेंट के लिए हमने बड़वारा और ढीमरखेड़ा ब्लॉक के किसानों को मिलकर संगमबीडी फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी (FPO) बनाया है जो इस वर्ष कोदो कुटकी का खरीदी भी किया है।

समिति सचिव श्री सिंह द्वारा



बताया गया की हमने एक अलाइव कम्पनी भी बनाया है जिसके माध्यम से किसानों द्वारा उत्पादित वस्तुओं को प्रोसेस करके ब्रांडिंग और पैकेजिंग कर बाजार में मार्केटिंग करते है। यह की बताया गया की औषधीय फसल अदरक और हल्दी की खेती किसानो के लिए फायदेमंद है प्रति एकड़ 5 से 6 क्विण्टल उत्पादन होता है जिसका मार्केट वैल्यू भी अच्छी होती है।

प्रदर्शनी में विलुप्त हो रही विभिन्न प्रकार की फसलों के संगृहीत बीजों को कलेक्टर ने अवलोकन किया है। मानव जीवन विकास समिति परिसर का विजिट कर समिति के कार्यों को गहराई से जाने और महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करते हुए कलेक्टर द्वारा समिति के कार्यों की सराहना की गई। विजिट के दौरान जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, बड़वारा तहसीलदार ऋषि गौतम, आत्मा परियोजना संचालक श्रीमती अरुणिमा सेन की उपस्थिति रही है।

## खबर संक्षेप



### विश्व नम भूमि दिवस पर विद्यार्थीयों को कराया भ्रमण

**बरही।** तहसील अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार पर 2 फरवरी को विश्व नम भूमि दिवस शास.उच्च. माध्य .विद्यालय खितौली में मनाया गया। जिसमें ईको क्लब के विद्यार्थी एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे विद्यालय के प्रभारी शिक्षक जय प्रकाश चौधरी एवं कार्यक्रम में समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे है विद्यार्थियों को जल सोत्र भ्रमण के शासकीय डैम में ले जाया गया, जहां नम भूमि की अनिवार्यता तथा उसके लाभ के बारे मे छात्र छात्राओं को जानकारी देकर अवगत कराया गया व नदी के आसपास स्वच्छता रखें शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को नम भूमि दिवस के उपलक्ष्य पर विस्तृत जानकारी एवं महत्व को बताया गया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण तथा प्राकृतिक की हरियाली बनी ताकि शुद्ध आक्सीजन मिल सके इसके लिए विद्यार्थियों को पेड़ लगाने के लिए बोला गया है।कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को स्वल्पाहार भी कराया गया। कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित शिक्षिका साधना सोनी पुष्पांजलि विश्वकर्मा शिक्षक सचिन गुप्ता राजीव विश्वकर्मा विक्रम पटेल श्रीराम तिवारी हंसलाल चौधरी महेंद्र सिंह मार्को अरविंद विश्वकर्मा विनोद कुमार सेन व स्कूल के अध्यनरत विद्यार्थीयों रहें।

### स्वतंत्रता सेनानियों के वंशज के कार्यक्रम में शामिल हुए राकेश जैन



**कटनी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के मार्गदर्शन एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार कांग्रेस प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजय सीतलानी के संयोजन में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशज एवं उत्तराधिकारियों की उपस्थिति में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों को आज दुनिया के 400 करोड़ लोग मानते हैं तथा गांधी जी की प्रतिमा आज भी 150 देश में लगी है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदों के वंशज हमारे लिए सम्मानीय हैं। आयोजन में कटनी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशज राकेश जैन कक्का, सुरेंद्र दुबे, शहजाद खान को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उनके साथ शाहिद भाई, शहजाद भाई, सत्यम साहू, नारायण साहू ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

### भागवत में कृष्ण सुदामा की मित्रता की कथा सुनाई

**सिलौंडी।** कछार गांव बड़ा में चल रहे विष्णु पुराण यज्ञ में कथा के अंतिम दिवस श्रीकृष्ण लीला, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष्य कथा का वर्णन मानवेन्द्र शास्त्री द्वारा कराया गया। इस दौरान सरपंच कैलाश चंद्र जैन - ओंकार उपाध्याय -अध्यक्ष, राजेन्द्र सिंह बागरी उपाध्यक्ष , भीषण लाल तिवारी, केशव प्रसाद पटेल, रमेश पटेल, सोनू बागरी, अनुज उपाध्याय, दीनू बागरी, मंडल उपाध्यक्ष शैलेश जैन, रहे।

### उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए 5 पुलिसकर्मी सम्मानित

**कटनी।** जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, संवेदनशील और प्रभावी बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा एक नई पहल 'साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम' शुरू की गई है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 पुलिसकर्मियों को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों में निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा (थाना प्रभारी, कुठला) उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक संतोष प्रजापति, आरक्षक अजय शंकर (सायबर सेल) एवं आरक्षक लव उपाध्याय शामिल हैं।

## 84 हज़ार से अधिक की हाथ भट्टी मदिरा एवं महुआ लाहन जब्त, 6 प्रकरण पंजीबद्ध

# आबकारी एवं पुलिस ने की कार्यवाही एक लाख रूपए की अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शराब की अवैध बिक्री करने वालों के विरूद्ध आबकारी एवं पुलिस ने कार्यवाही की है। दोनो कार्यवाही के दौरान करीब एक लाख रूपये की अवैध शराब जब्त की गई है साथ ही 9 आरोपितों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग वृत्त कटनी क्रमांक 1, 2 एवं 3 की संयुक्त टीम द्वारा वृत्त कटनी क्रमांक 2 में आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मंशा राम उइके के नेतृत्व में ग्राम मछरियाडेरा, तिलियनपर में दबिश दी गई । जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि दविश के दौरान 14 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 825 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त हाथ भट्टी शराब एवं महुआ लाहन की कीमत 84 हजार से अधिक आंकी गई है। जब्त महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष महुआ लाहन मौके पर ही नष्ट कर दिया गया गया। इस कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं 34 (1) च के तहत कुल 6 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।



कार्यवाही में वृत्त क्रमांक 02 प्रभारी अतुल कुटार, आबकारी उप निरीक्षक केशव उइके, आंचल प्रजापति, आबकारी आरक्षक राजेश गौंटिया, वीणा ब्रह्मवंशी और राम सिंह का योगदान रहा।

### रीठी पुलिस ने 159 पाव अवैध शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

रीठी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर पटेहरा मोड़ (ग्राम मुहास) के पास से तीन व्यक्तियों को अवैध शराब की तस्करी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। 2 फरवरी की शाम लगभग 06:15 बजे पुलिस को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति भारी मात्रा में शराब लेकर बिक्री की फिराक में हैं। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पटेहरा मोड़ पर दबिश दी। कार्रवाई के बाद प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 124 पाव लाल मसाला और 35 पाव सफेद प्लेन शराब कुल 159 पाव जब्त शराब की जिसकी अनुमानित कीमत 15,900/- रुपये बताई गई है।

पुलिस द्वारा जिन आरोपितों को पकड़ा गया है उनमें अंशुमान बर्मन 28 वर्ष निवासी पटेहरा, जयकुमार कचेर 37 वर्ष निवासी ग्राम डाँग, रामसेवक चढार 62 वर्ष निवासी उजयारपुरा शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 49 एवं आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। शासन की ओर से मामले की विवेचना जारी है।





## ट्रेनों का स्टॉपेज करने के लिए महाप्रबंधक को सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

बरही नगर के खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशन मैं ट्रेनों का स्टॉपेज कराने बरही नगर परिषद के अध्यक्ष पीयुष अग्रवाल ने अपने साथियों के साथ महाप्रबंधक महोदय को ज्ञापन सौंपा व निवेदन करते हुए कहा जनहित धार्मिक एवं पर्यटन विकास तथा राज्य शासन की टाइगर कॉरिडोर एवं ग्रीन फील्ड परियोजनाओं के परीप्रेक्षय में सप्ताहिक ट्रेनों का खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशन बरही में ठहराव की स्वीकृति प्रदान किया जावें हावड़ा भोपाल साप्ताहिक एक्सप्रेस कोलकाता अहमदाबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस कोलकाता मदार साप्ताहिक एक्सप्रेस रुकना चाहिए जिससे यात्रियों को सफर करने में सहूलियत मिल सकें रेलवे स्टेशन की सीमा से लगा हुआ टाइगर रिजर्व बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान पर्यटकों का आना जाना बना रहता है वह विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी मैहर शारदा धाम की सीमा बरही से जुड़ी हुई है स्टॉपेज इन गाड़ियों का अनिवार्य है सांतरगाछी अज़मेर सप्ताहिक एक्सप्रेस मुंबई धनबाद एलटीटी स्पेशल एक्सप्रेस। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, रेल विकास समिति बरही के अध्यक्ष प्रवीण त्रिवेदी डब्बू, संतोष द्विवेदी, सुरेश सोनी पंडा, सरमन सोनी, इक़बाल पवार पत्रकार, गुड्डु राव नंदू गुप्ता, ज्योति उपाध्याय, किरण ठाकुर, न्यूम खान पप्पू, तीरथ पटेल, रजनीश नामदेव, मोहन सिंह गोंड़ आदि शामिल हैं।

### जैविक खेती का दिया जा रहा प्रशिक्षण

### वैज्ञानिक ने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं नवाचार से संबंधित दी जानकारी

## एमपी कॉस्ट व भीम बेटका का शैक्षणिक भ्रमण करा विज्ञान और इतिहास की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

विकासखंड ढीमरखेड़ा अंतर्गत समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर भोपाल एवं रायसेन के भीमबेटका की गुफाओं का अध्ययन भ्रमण कराया गया। यह भ्रमण समन्वयक संस्था शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया पान द्वारा कराया गया जिसमें 50 विद्यार्थियों एवं 5 शिक्षक, अभिभावकों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने भोपाल स्थित एमपी कॉस्ट,रीजनल साइंस सेंटर, उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल तथा सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय का भ्रमण किया। एमपी कॉस्ट में मध्यप्रदेश साइंस एवं टेक्नोलॉजी विभाग के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विज्ञान से संबंधित वर्किंग मॉडल बनाने के टिप्स दिए गए तथा मॉडल आधारित अध्यापन कार्य के लिए प्रेरित किया गया।




वैज्ञानिक चंद्रभान सिंह ने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल की प्रयोगशालाओं का विद्यार्थियों ने अवलोकन किया, जहां विद्यालय के प्राचार्य पाराशर ने विद्यार्थियों को जीवन में आने वाली चुनौतियों एवं सफलता के मार्ग पर प्रेरणादायक संबोधन दिया। रीजनल साइंस सेंटर भोपाल में विद्यार्थियों ने 3डी एनिमेशन फिल्म देखी, तारामंडल का अवलोकन किया। विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों को समझते हुए उनके मूलभूत सिद्धांतों को अपनी नोटबुक में नोट किया। विज्ञान से संबंधित विभिन्न वर्किंग मॉडलों को देखकर विद्यार्थियों में नई ऊर्जा एवं वैज्ञानिक सोच विकसित हुई।इसके अलावा विद्यार्थियों को रायसेन स्थित भीमबेटका की प्राचीन गुफाओं का भ्रमण कराया गया,जहां उन्होंने ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व की जानकारी प्राप्त की।यह एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण विकासखंड स्तरीय समन्वयक संस्था के प्राचार्य मुकेश पटेल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। प्राचार्य ने बताया कि इस प्रकार के अध्ययन भ्रमण विद्यार्थियों में नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नई खोजों के प्रति रुचि विकसित करते हैं, जो भविष्य में उनके करियर निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं। भ्रमण से लौटे विद्यार्थी उत्साहित नजर आए। उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में आगे अध्ययन एवं उत्कृष्ट संस्थानों में प्रवेश लेने की इच्छा व्यक्त की।

## कलेक्टर ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती का किया निरीक्षण



कलेक्टर आशीष तिवारी मझगवां पहुंचे और मेढ़ पर चलकर अंतर्वतीय खेती, प्राकृतिक व जैविक खेती का नवाचार करने वाले प्रगतिशील किसान गोविंद कुशवाहा के खेतों में पहुंचे। कलेक्टर ने कृषक गोविंद द्वारा 5 एकड़ के खेत में की गई आलू, गोभी, सरसों, बथुआ, सेम, मटर, टमाटर, बैंगन आदि की अंतर्वर्ती खेती का खेत में भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने किसान द्वारा प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिये की गई पहल की जमकर सराहना की। किसान गोविंद ने बताया कि उनके पास देसी नस्ल के 40 पशु भी है, जिनके गोबर से खाद बनाकर वे अपनी फसलों और सब्जियों के उत्पादन में उपयोग करते हैं। कृषक गोविंद ने बताया कि इस साल उन्होंने समर्थन मूल्य पर 90 क्विंटल धान का विक्रय किया है। जिसका पैसा उनको मिल गया है। उन्होंने बताया कि उनके खेत में उत्पादित सब्जियां कटनी और उमरिया के मार्केट में हाथों-हाथ अच्छी कीमत में बिक जाती है। गोविंद के संयुक्त परिवार में 15 सदस्य हैं। सभी खेती में हाथ बंटाते हैं और फसलों और बागवानी को मिलाकर करीब 5 लाख रूपये सालाना का मुनाफा हो जाता है। कलेक्टर ने उन्हें उन्नत नस्ल के दुधारू पशुओं का पालन करने और शेडनेट में खीरा और टमाटर, शिमला मिर्च आदि की खेती कर और अधिक आय अर्जित करने की समझाइश दी।

## पांच दिवसीय आयोजन में विद्यार्थियों को कैरियर संबंधित दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

शासकीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु शासकीय हाई स्कूल गुडेहा में पांच दिवसीय केरियर मेले का आयोजन किया गया इसमें शैक्षणिक संकायों कौशल शिक्षा छात्रवृत्ति से संबंधित एवंउच्च शिक्षा से संबंधित जानकारियां प्राचार्य आशीष गौतम एवं विद्यालय के स्टाप द्वारा छात्र छात्राओं को दी गई जो विद्यार्थियों की आवश्यकता व क्षमता के अनुरूप निर्धारण करने प्रेरित किया गया।

कैरियर मार्गदर्शन की आवश्यकता उद्देश्य संबंधित क्षेत्र व अवसर तथा विषयो पर आधारित कार्य क्षेत्र व 10वीं के बाद विषय का चुनाव एवं 12वीं तथा स्नातक के बाद करियर के अवसर का मार्गदर्शन दिया गया साथ ही विद्यार्थियों के जिज्ञासाओ का भी समाधान किया गया।



श्रीमती रजनी मिश्रा ने कहा की विषयों का चयन ध्यान में रखकर रुचि के अनुसार करियर का चुनाव होने पर जीवन में खुशियां प्राप्त होती है सफलता हासिल करने के लिए मूल मंत्र देते हुए विस्तृत जानकारियां दी गई प्रमोद गौतम ने कहा की दसवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं को काउंसलिंग के तहत केरियर योजना कौशल आधारित योजना के महत्व उच्च शिक्षा के विकल्प विदेश में पढ़ाई के लिए आवश्यक प्रक्रिया प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उद्यमिता के बारे में संवाद उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के विकल्प विद्यार्थियों के विचार को महत्व देते हुए केरियर से संबंधित मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### बड़वारा में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर ने 48 आवेदकों की सुनी समस्यायें

## गांव में चल रही पैकारियों की शिकायत कलेक्टर की जन सुनवाई में पहुंची, कार्यवाही के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला प्रशासन द्वारा हर मंगलवार की जनसुनवाई, अब आम लोगों के लिए भरोसे और समाधान का मंच बन गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को बड़वारा पहुंच कर 48 फरियादियों की बात ध्यान से सुनीं। इस दौरान उन्होंने कई समस्याओं का मौके पर ही निराकृत कर दिया। जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं था, उनके लिए अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में कलेक्टर श्री तिवारी को ग्राम बड़वारा निवासी रामकुमार यादव पिता स्व. श्री मुलईराम यादव ने बताया कि मेरे समग्र परिवार आईडी में मेरी बेटी मनीषा यादव की सदस्य आईडी में पिता का नाम खाली है और माता के नाम में पिता का नाम दिख रहा है। जिसके कारण मेरी बेटी का आयुष्मान कार्ड में केवायसी नहीं हो रही है। मेरी बेटी का इलाज कटनी में चल रहा है। डॉक्टर ने ऑपरेशन के लिए कहा है। इस कारण मेरी बेटी के ईलाज हेतु आयुष्मान कार्ड नहीं चल पा रहा है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर जनसुनवाई के दौरान ही ई-केवाईसी कर दी गई।



जनपद पंचायत बड़वारा के उपाध्यक्ष रामसेवक दुबे ने कलेक्टर श्री तिवारी को अवगत कराया कि बड़वारा थाना के अंतर्गत प्रत्येक गांव में जगह-जगह अवैध शराब की पैकारियां चलाई जा रही है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने बड़वारा थाना के टीआई को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान गुरूनानक वार्ड कटनी निवासी लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि ग्राम बडवारा खुर्द में स्थित खसरा नंबर 102 रकवा 0.43 हेक्टेयर भूमि के राजस्व अभिलेख में 1989 से पूर्व मेरा नाम लक्ष्मण प्रसाद दर्ज था। परंतु त्रुटि वश लक्ष्मण के स्थान पर लखन दर्ज हो गया। इस संबंध में नाम सुधार हेतु मेरे द्वारा पूर्व में आवेदन दिया गया था। परंतु अब तक नाम सुधार नहीं हो सका है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने एसडीएम कटनी को निश्चित समय-सीमा में नाम सुधार करने के निर्देश दिए। ग्राम बंजर बरेला निवासी कैलाश गुप्ता ने गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने की मांग की कलेक्टर ने तहसीलदार नाम जुड़वाने के निर्देश दिये।

## शिकायतों का निराकरण समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें

# कम प्रगति एवं कार्यों में रूचि नहीं लेने वालों को नोटिस जारी करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से करना सुनिश्चित करें। शिकायतें नॉट अटेंड पाये जाने पर अधिकारियों की वेतन काटने की कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निगमायुक्त को पीएम स्वनिधि के अंतर्गत लंबित प्रकरणों में अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को राज्य मानवाधिकार आयोग के लंबित प्रकरणों में समय पर प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश दिये।

बैठक के दौरान पोषण ट्रैकर ऐप के अनुसार कुपोषित, गंभीर कुपोषित और पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती बच्चों की जानकारी सहित लाड़ली लक्ष्मी योजना में नवीन पंजीयन की समीक्षा की गई। लाड़ली लक्ष्मी योजना में कम पंजीयन पर कलेक्टर श्री तिवारी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी परियोजना अधिकारियों को अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री उज्ज्वला 3.0 योजना के तहत आदिवासी परिवारों की ई-केवाईसी करने और निःशुल्क गैस, चूल्हा व गैस-सिलेण्डर से लाभान्वित कराने के निर्देश जिला आपूर्ति अधिकारी को दिये।



कलेक्टर श्री तिवारी ने उपसंचालक कृषि को ₹प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना₹ के तहत सोलर पंप वितरण का लक्ष्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दियें। योजनांतर्गत जिले के 559 किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पंप प्रदान किये जाने है। बैठक में कलेक्टर ने जनपद पंचायत रीठी, बड़वारा और ढ़ीमरखेड़ा को समग्र ई-केवाईसी कार्य में गति लाने के निर्देश दिये।

उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि एवं एनपीसीआई कैंपों में फार्मर आईडी रजिस्ट्री में कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही कलेक्टर ने कम प्रगति वाले और कार्यों में रूचि नहीं लेने वाले पटवारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले में 12 जनवरी से शुरू हुये संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुये सभी विभागों को अपने विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को पोर्टल में ऑनलाईन दर्ज करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, नगरीय निकायों एवं तहसीलदारों को बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाने से संबंधित लंबित आवेदनों पर कार्यवाही कर अभियान के अंतर्गत अगले एक सप्ताह में शत-प्रतिशत जन्म प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने शिक्षा, पीएचई, जनसंसाधन, वन, राजस्व विभाग की लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सभी डीडीओ को निर्देशित किया कि चेकलिस्ट के अनुसार एक बार में ही सभी आपत्तियों के निराकरण प्रकरण पेंशन अधिकारी की तरफ भेंजे। साथ ही उन्होंने पेंशन अधिकारी को भी निर्देश दिये के बिना चेकलिस्ट के प्रकरणों को स्वीकार न करें।

## जल संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु सभी वार्डो में आयोजित हुई जल सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शासन एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नागरिकों की पेयजल संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु मंगलवार 3 फरवरी को नगर के समस्त वार्डो में वार्ड स्तरीय जल सुनवाई का आयोजन किया जाकर नागरिकों के 21 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। जल सुनवाई के दौरान गठित वार्ड स्तरीय कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के निर्धारित स्थलों पर उपस्थित रहकर नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए गए। इस दौरान उपस्थित आम नागरिकों से उनके यहां आपूर्ति किये जा रहे पेयजल के संबंध में फीडबैक भी लिया गया।

कार्यपालन यंत्री श्री सुधीर मिश्रा जल प्रदाय ने बताया कि मंगलवार को आयोजित वार्ड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कुल 21 नागरिकों द्वारा उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं सुझावों से संबंधित प्रकरण प्रस्तुत किये। वहीं जल नमूनों की जांच कराने हेतु पहुंचे 57 नागरिकों की शंकाओं एवं शिकायतों का निराकरण उनके समक्ष ही जांच कराकर किया गया तथा परीक्षण रिपोर्ट से संबंधित नागरिकों को अवगत कराया गया।

विदित हो कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर प्रयास किये जा रहे है। अभियान के अंतर्गत नगर निगम सीमा में पेयजल स्त्रोतों की नियमित साफ-सफाई के साथ रोजाना नागरिकों से घर-घर संपर्क कर पानी के नमूने लिए जाकर आम नागरिकों को पेयजल की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में स्थित पानी की टंकियों, ओवरहेड टैंक, ट्यूबवैलों आदि की विधिवत सफाई भी करवाई जा रही है।

मतदाता की सूची में पिता का नाम नहीं खा रहा मेल, ईसी की गलती का खामियाजा भुगत रहे मतदाता

# त्रुटि सुधार हेतु बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूची के शुद्धिकरण के नाम पर शुरू की गई एसएआर (स्पेशल एबस्ट्रैक्ट रिवीजन) प्रक्रिया अब आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। हटा विधानसभा में मतदाता सूची में पिता के नाम का मेल नहीं खाने के करीब 56 हजार मामले सामने आए हैं। चुनाव आयोग की तकनीकी और डेटा एंट्री से जुड़ी खामियों का खामियाजा सीधे मतदाताओं को भुगतना पड़ रहा है। हटा में अब तक एसएआर के दौरान 6 तरह की लॉजिकल डिस्पेंसी (तकनीकी विसंगतियां) सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी और गंभीर समस्या पिता के नाम के मिसमैच की है। कई मतदाताओं के आधार, समग्र आईडी और पुराने वोटर आईडी में पिता का नाम सही है, लेकिन मतदाता सूची में अलग दर्ज हो गया है।



### कर्मचारियों पर भी बढ़ा दबाव

बीएलओ और डाटा ऑपरेटरों का कहना है कि पोर्टल पर पहले से दर्ज गलत जानकारी को सुधारना आसान नहीं है। सिस्टम में सुधार के दौरान कई बार वहीं गलती दोबारा दिखने लगती है, जिससे काम की रफ्तार धीमी हो रही है।

चुनाव आयोग की मंशा पर सवाल-

मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की मंशा से शुरू की गई एसएआर प्रक्रिया इन दिनों खुद सवालों के घेरे में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब गलती सिस्टम और डेटा एंट्री की है, तो सजा मतदाताओं को क्यों भुगतनी पड़ रही है। इस मामले में विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते इन लॉजिकल डिस्पेंसी को दूर नहीं किया गया, तो चुनाव के समय बड़ी संख्या में मतदाता अपने मत अधिकार से वंचित हो सकते हैं। बहरहाल अब देखना यह है कि चुनाव आयोग इस समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है और आम मतदाताओं को कब राहत मिलती है।

### सभी को दे रहे एप से नोटिस-

हटा विधानसभा में करीब 56000 एसआईआर में नाम गड़बड़ हुए है। उन्हें अब एप से नोटिस दिए जाएंगे। एसआईआर की त्रुटियों में सुधार कार्य फिलहाल जोरों से चल रहा है। एसआईआर में सुधार कार्य हेतु मंगलवार को हटा डाइट में हटा रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम राकेश मरकाम तहसीलदार आलोक जैन की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनरों द्वारा सभी बीएलओ को त्रुटि सुधार हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

### ये सामने आई प्रमुख लॉजिकल डिस्पेंसी -

1- पिता के नाम की स्पेलिंग में अंतर पूरा नाम होने की जगह सिर्फ उपनाम दर्ज।
2- पिता के नाम की जगह पति का नाम दर्ज
3- हिंदी-अंग्रेजी ट्रांसलेशन की गलती पुराने रिकॉर्ड और नए डेटा में असमानता,
4- समग्र आईडी से लिंक न होना एक ही परिवार के सदस्यों में अलग-अलग सरनेम,
5- मतदाताओं को करना पड़ रहा बार-बार चक्कर
6- इन विसंगतियों के कारण कई मतदाताओं के नाम सत्यापन में अटक गए हैं। स्थिति यह है कि मतदाता फार्म जमा करने के बाद भी बीएलओ और निर्वाचन कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

# मिडिल स्कूल खामखेड़ा का किया आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

दमोह अपर कलेक्टर मीना मेश्राम एवं तहसीलदार पारुल जैन (चौधरी ) द्वारा माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जायजा के दौरान विद्यालय सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होते पाया गया। बच्चों से मिलकर उनसे बातचीत कर प्रसन्नता व्यक्त की । बच्चों को पेंसिल वितरित की। निरीक्षण के दौरान गाँव के गणमान्यजनो, प्रतिनिधियों, स्कूल स्टाफ आदि से भी शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की। आवश्यक सुझाव भी दिये गये। इस मौके पर प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार पटेल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

ग्राम माड़नखेड़ा में गूंजी भागवत महिमा

# राजा परीक्षित की जन्म कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार/जबेरा

जनपद क्षेत्र के ग्राम माड़नखेड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दौरान श्रद्धा, भक्ति और भाव का अनुपम संगम देखने को मिला। कथा व्यास पंडित रामदास मिश्रा जी के मुखारविंद से राजा परीक्षित की जन्म कथा का मार्मिक एवं भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पंडित रामदास मिश्रा जी ने बताया कि राजा परीक्षित का जन्म स्वयं भगवान श्रीकृष्ण की कृपा का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब अश्वत्थामा के ब्रह्मास्त्र से परीक्षित गर्भ में ही मृत्यु के मुख में पहुंच गए थे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपने सुदर्शन चक्र से उनकी रक्षा कर उन्हें जीवनदान दिया। यही कारण है कि राजा परीक्षित का जीवन भक्ति, धर्म और सत्कर्मों का प्रतीक बन गया। कथा व्यास ने इस प्रसंग के माध्यम से बताया कि ईश्वर की शरण में जाने वाला कभी असहाय नहीं होता। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्तवत्सलता और धर्म स्थापना के संदेश ने पूरे पंडाल को भक्तिमय बना दिया। श्रोताओं ने भजन-कीर्तन के साथ कथा का रसपान किया और वातावरण "हरि बोल" व "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से गूंज उठा। इस पावन अवसर पर पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह लोधी एवं संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी भागवत कथा में शामिल हुए। दोनों अतिथियों ने व्यासपीठ का आशीर्वाद लिया तथा आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जैसे आयोजन समाज को धर्म, संस्कार और सदाचार की दिशा में प्रेरित करते हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। वहीं पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह लोधी ने कहा कि भागवत कथा मानव जीवन को सही मार्ग दिखाने वाली अमूल्य धरोहर है, जिससे व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीणजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। ग्राम माड़नखेड़ा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रमुख केंद्र बनी हुई है।

# देवरी निजाम गांव में ठाकुर परिवार ने कराई शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

सोमवार को तेन्दूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत खमरिया कला के आश्रित देवरी निजाम में एक ठाकुर परिवार ने नवनिर्मित शिव मंदिर बनाकर उसमें भगवान शिव की शिवलिंग स्थापना की गई। जहां बैलवाड़ा ग्राम से आए पंडित मुकेश तिवारी के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान श्रीमती आशा ठाकुर एवं पुत्र बबलू ठाकुर सोनू ठाकुर पुत्री गुड़िया ठाकुर एवं परिवार के अन्य सदस्यों एवं गांव के लोगों ने मिलकर भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग का प्राण प्रतिष्ठा का विधिविधान से संपन्न कराया गया। मंदिर परिसर में पहले हवन पूजन किया गया जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धा एवं भक्ति के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुआ। देवरी निजाम में गांव में दिनभर धार्मिक उत्साह का माहौल रहा इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे एवं कन्या भोज भी कराया गया। सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरण किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान गांव में चारों ओर हर हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजता रहा वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

# मास्टर ट्रेनर्स हुए सम्मानित

**दमोह।** विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) एवं पेपरलेस निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने पर टीम पटेरा के समस्त मास्टर ट्रेनर्स को अनुविभागीय अधिकारी राकेश मरकाम, तहसीलदार उमेश तिवारी एवं नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया । जिसमें सम्मानित होने वाले मास्टर ट्रेनर्स में मुकेश गुजरे, दिलीप जोशी, कमलेश शर्मा ,प्रमोद परौहा, लक्ष्मण विश्वकर्मा, मुलाम सिंह राजपूत केशवेन्द्र नामदेव एवं नीरज खरे को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



सरपंच, जनपद सदस्य ने की सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत

# शिक्षकों के अटैचमेंट से बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

सरकार शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए लाख दावे करें या दावों को जमीनी जामा पहनाने के लिए अनेक योजनाएं बना रही है वही संचनालय के आदेशों पर शिक्षा स्तर को सुनिश्चित करने के लिए दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर लगातार प्रयास कर रहे हैं जिससे जिले के स्कूलों में अध्यनरत छात्रों का शैक्षणिक स्तर अच्छा हो और परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आ सके लेकिन जिले में बैठे जिम्मेदार शिक्षा अधिकारीयों द्वारा विभाग के ही आदेशों की अवहेलना की जा रही है जिसकी बानगी हटा संकुल केंद्र में देखने को मिली जहां एक गणित के शिक्षक को बटियागढ़ ब्लॉक से हटा ब्लॉक में अटैचमेंट किया गया। उल्लेखनीय है कि लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा प्रदेश के समस्त कलेक्टर एवं जिला अधिकारियों को आदेशित किया गया था कि गैर शैक्षणिक कार्य में संलग्न आसंजित सभी शिक्षकों को मूल पद स्थापना हेतु कार्य मुक्त कर शिक्षण कार्य सुनिश्चित कराने निर्देशित कर कड़ाई से पालन करने सुनिश्चित किया गया था लेकिन इसके बावजूद भी विगत सप्ताह जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नियम विरुद्ध विकासखंड के हटा संकुल अंतर्गत आने वाले शासकीय माध्यमिक शाला कुंवरपुर से अंग्रेजी के शिक्षक जितेंद्र प्यासी को हटा विधायक उमादेवी खटीक के यहां सचिव पद पर अटैचमेंट किया गया जिससे अध्यनरत अंग्रेजी के छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जबकि उक्त शिक्षक अपनी राजनीतिक रसूख के चलते विधायक से सांठगांठ कर अपना अटैचमेंट कराकर नेताओं के बीच अपनी शोभा बढ़ा रहा है। वही इसी प्रांगण में माध्यमिक शाला में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक सरिता जैन को भी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक शिक्षक बजरंग वार्ड हटा मैं अटैक किया गया जिससे यहां के बच्चों का भविष्य अंधकार में हो रहा है।

### सरपंच व जनपद सदस्य ने की सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत

विकासखंड की एकीकृत माध्यमिक शाला कुंवरपुर से जिला शिक्षा अधिकारी की मनमानी के चलते दो शिक्षकों का अटैचमेंट किए जाने से यहां अध्यनरत बच्चों की पढ़ाई चौपट हो जाने से उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है जिससे ग्राम के अभिभावकों व जनप्रतिनिधियों में आक्रोश दिखाई दे रहा है जिसकी शिकायत सरपंच लोकराम सरवैया, जनपद सदस्य कन्हैया लाल पटेल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष दीपेंद्र पटेल ने शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों के अलावा मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण योजना सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की गई जिस शिकायत में बताया गया कि कुंवरपुर विद्यालय मैं पदस्थ दोनों शिक्षकों के किए गए अटैचमेंट को वापस किया जाए ताकि बच्चों की पढ़ाई चौपट न हो। क्षेत्र के जनपद सदस्य कन्हैया लाल पटेल ने बताया कि इन शिकायतों के अलावा जनपद पंचायत हटा मैं आयोजित सामान्य सभा की बैठक मैं भी समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के समक्ष शिक्षकों का अटैचमेंट समाप्त किए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया था लेकिन इसके बावजूद भी जिला शिक्षा अधिकारी के अड़ियल रवैया के चलते शिक्षकों का अटैचमेंट वापस नहीं किया गया। जबकि शिक्षण संचनालय भोपाल द्वारा पुनः एक आदेश पारित किया गया कि आगामी फरवरी 2026 की परीक्षाएं संचालित होने जा रही हैं, छात्रों की पढ़ाई हेतु कुछ दिन और शेष हैं जिससे अध्यापन कार्य करने वाले किसी भी शिक्षक को कहीं पर भी संलग्न न किए जाने का आदेश जिला शिक्षा अधिकारियों व समस्त प्राचार्यो को पारित किया गया है ताकि परीक्षाओं के परिणाम में सुधार हेतु विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। जब इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एस के नियम से बात की तो उन्होंने बताया कि हमें अटैचमेंट की जानकारी नहीं है शीघ्र ही जानकारी लेकर अटैचमेंट वापस किया जावेगा जबकि गौर करने वाली बात है कि इन दोनों शिक्षकों का अटैचमेंट जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश से ही किया गया है। वही जब कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जी से बात की तो उन्होंने गंभीरता से लेते हुए शिक्षकों का अटैचमेंट वापस कराने की बात कही। वहीं जब इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से फोन पर बात की तो मीटिंग में व्यस्तता के चलते उन्होंने नोट कर मामले को दिखवाने की बात कही।

### जनसुनवाई में 262 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये हितग्राहियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 262 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 17 आधार कार्ड एवं 185 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले के ग्राम नोहटा, अभाना सहित चिन्हित 25 पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान 33 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया।

# विशाल पंचकुंडात्मक शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा/झलौन

झलोन से तीन किलोमीटर दूर ग्राम धनेटा के ओरिया माल गाव में आयोजित विशाल पंचकुंडात्मक शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ के अंतिम दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। अंतिम दिन प्रातःकाल से ही विधिवत हवन-पूजन हुआ, इसके साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा संध्या तक अनवरत रूप से चलता रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

दोपहर 2:00 बजे से प्रवचनों का क्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सोमवार को चित्रकूट धाम से पधारी सुप्रसिद्ध कथावाचिका दीपेश्वरी देवी ने अपने ओजस्वी और भावपूर्ण प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने



भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि मानव जीवन में भक्ति का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि "यदि जीवन में भक्ति है, तो शक्ति स्वतः प्राप्त होती है, और यदि भक्ति नहीं है, तो शक्ति का अभाव रहता है।" कथावाचिका दीपेश्वरी देवी ने समाज को नशा-मुक्त जीवन अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज—तीनों के लिए घातक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से नशा का त्याग कर संस्कारवान एवं सुसंस्कृत जीवन जीने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने भारतीय संस्कृति, संस्कार



और सनातन परंपराओं को अपनाने पर विशेष बल दिया। इस भव्य धार्मिक आयोजन में धनेटा, उमरिया, ससना, गुहची, झलौन, मगदुपुरा, अंचलपुरा, डुकरसता, घुटरिया, राजा, गुवरा, सर्रा सहित दर्जनों ग्रामों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु लगातार पहुंचते रहे। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। आयोजन के दौरान ओरिया मॉल समिति के सदस्यों द्वारा बाहर से आए धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर स्वागत-सम्मान किया गया।

इस अवसर पर समिति के दोपहर 2:00 बजे हवन पूजन विशाल भंडारे के अमृत प्रवचन भी हुऐ समिति ओरिया मॉल लक्ष्मी पटेल श्याम पटेल मथुरा पटेल राजकुमार पटेल डॉ खुशीराम पटेल मुकेश पटेल राकेश पटेल डा गुमान सीग ठाकुर सभी धर्म प्रेमी बंधुओ ने गुलाल लगाकर स्वागत बंधन अभिनंदन करते हुये महायज्ञ के सफल आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता को नई ऊर्जा मिली है। श्रद्धालुओं ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की कामना की।

# किराना दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशो के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा दमोह शहर एवं घनश्यामपुरा, बटियागढ़ में किराना दुकानों का निरीक्षण किया गया। दमोह शहर में जबलपुर रोड कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित वंदना किराना स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। उक्त वंदना किराना स्टोर्स से ग्राहक द्वारा खरीदे गए पैक्ड हल्दीराम ब्रांड सोन पपड़ी में कीड़े पाए जाने की शिकायत की गई थी। शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उपरोक्त हल्दीराम ब्रांड सोन पपड़ी के नमूने जांच हेतु लिए गए। इसी तरह घनश्यामपुरा, बटियागढ़ स्थित सोनम किराना का निरीक्षण किया गया। मौके पर परिसर में विक्रय हेतु संग्रहित शुद्ध घी के नमूने जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को गुणवत्ता जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# युवक क्रांति संगठन एवं सम्यक हेल्थ सेन्टर द्वारा अयोजित

### विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 300 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शैल्बी हास्पिटल जबलपुर एवं युवक क्रांति संगठन सम्यक हैल्थ केयर के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर स्थानीय प्यासी मंदिर कॉम्पलेक्स में पूर्व मंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया पूर्व विधायक अजय टंडन,कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग अनिल अठ्या,एडवोकेट भगवती श्रीवास्तव,संजय जैन नीलम प्रो श्रीमति किरण अठ्या,जिला संयोजिका प्रो. श्रीमति किरण गोस्वामी,जिला कार्याध्यक्ष श्रीमति प्रीति गौतम,के मुख्य आतिथ्य के साथ विश्व प्रसिद्ध जॉइंट रिप्लेसमेंट



सर्जन डॉ.विक्रम शाह की टीम के विशेषज्ञ डॉं विकास सावला (हडडी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ एवं डिपार्टमेंट ऑफ न्यूरोसर्जरी डॉ.एस.के शेरेकर,डॉ. संजय जैन जबलपुर के विशेष आतिथ्य में आयोजित किया गया। शिविर में अतिथियों ने भगवान आदिनाथ (बड़ेबाबा) के समक्ष दीपप्रज्जवलन कर शुभारंभ किया।

प्रारंभ में संयोजक सुधीर विद्यार्थी,ने युवक क्रांति संगठन द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न सामजिक,रचनात्मक कार्यो की जानकारी देते हुये शिविर में आये मरीजों के स्वास्थ्य लाभ हेतु शुभकामनाएं दी।संयोजक डा.अकलेश जैन ने फिजियोथेरपी के साथ शिविर में लगभग 300 मरीजों ने उपचार कराते हुए डॉक्टरों का लाभ लिया तथा बताया कि शिविर में आएं हुए मरीजों को सम्यक हेल्थ केयर सेन्टर में निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। अतिथि श्री अनिल अठ्या (ई.ई.) ने संगठन के कार्यो की सराहना करते हुए शिविर में पधारें डॉ.के प्रति आभार व्यक्त किया। भगवती श्रीवास्तव ने शिविर महत्ता पर प्रकाश डालते हुए संगठन की गतिविधियों की सराहना की।डॉ.केदार नाथ शर्मा ने शिविर में दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने के साथ जीवन में निरोग रहने के लिए योग एवं खान-पान पर विशेष ध्यान रखने की बात की जबलपुर से पधारें डॉ. विकास सावला ने हडडी एवं जोड़ प्रत्यारोपण पर विशेष रूप से जानकारी देते हुए शिविर में आएं हुए मरीजों के स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए बताया कि दमोह के अधिकांश मरीजों के घुटने तथा कूल्हें का सफल आप्रेशन जबलपुर में हुए इस हेतु शिविर में लाभ लेने वाले उपस्थित प्रो. कुसुम पाठक,विमल मलैया,राजा राय के साथ अनेक लोगों ने डॉ सावला की प्रशंसा की। डिपार्टमेंट ऑफ न्यूरोसर्जरी डॉ.एस.के शेरेकर शिविर की उद्बोधन में न्यूरो से संबंधित महत्वपूर्ण तथा आवश्यक जानकारी देते हुए आयोजकों की समाजसेवी कार्यो के लिए हमेशा सहयोग देने का आश्ववासन दिया। संगठन के अध्यक्ष दिनेश प्यासी ने युवक क्रांति संगठन की गतिविधियों की जहां जानकारी दी वहीं महामंत्री मनोज जैन,एवं अकरम खान,ने आगामी आयोजनों की जानकारी देते हुए सभी से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम का सफल संचालन महिला शाखा पदाधिकारी उपाध्यक्ष श्रीमति नेहा बजाज एवं सचिव श्रीमति रेखा सिंघई,ने करते हुए प्रो.किरण गोस्वामी,प्रीति गौतम, अध्यक्ष श्रीमति अंतिम सराफ,सह सचिव श्रीमति मधुवाला, प्रचार मंत्री वंदना जैन, सह प्रचार मंत्रीश्रीमति सुरभि जैन, कोषाध्यक्ष श्रीमति दीप्ति जैन,सदस्य नीलू जैन, आदि ने अतिथियों को औषधि पौधे सहित गमलें भेंट कर स्वागत किया।शिविर में प्रमुखतः डॉ.राहुल राजपूत, डॉ.सुधीर, डॉ.शिवानी, एवं कु.राधा कु.रिंकी, कु.अंजली, हिना, मुकेश, जषवंत,बंटी का सहयोग सराहनीय रहा।

अंत में सभी सहयोगियों का आभार कोषाध्यक्ष सौरभ विद्यार्थी ने मानते हुए कहा कि दमोह के नागरिकों के लिए प्रमुख रूप से ख्याति प्राप्त डॉक्टरों की उपस्थिति के साथ उनके परामर्श का लाभ सभी को मिला।निःशुल्क शिविर में अनेक गणमान्य नागरिकों डॉक्टरों व मरीजों के साथ जनप्रतिनिधियों के मीडिया की उपस्थिति रही ।

# साहू समाज की हुई बैठक



**हिंडोरिया।** नगर में भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती को धूम धाम से मनाने के लिए साहू समाज द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। हालिया बैठक में जयंती को भव्य रूप से मनाने,शोभायात्रा निकालने और सामाजिक कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई साथ ही समाज की कुरीतियों मिटाने और एकजुट रहने का संकल्प लिया गया। साहू समाज के अध्यक्ष कमल प्रसाद साहू ने बताया कि बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि मंदिर में विशेष अनुष्ठान, फूलों से श्रृंगार महाआरती,भोग प्रसाद,भंडारा होगा साथ ही भिविन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम किए जायेगे। समाज के बुजुर्ग लोगों ने नशामुक्त समाज के लिए लोगों से नशा छोड़ने का आवाहन किया है। समाज के बुजुर्गों एवं प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान किया जाएगा। बैठक में समाज के प्रबुद्ध जनों और पदाधिकारियों ने बैठक में अपने विचार व्यक्त किए। उक्त अवसर पर संतोष साहू,संकेत साहू,अरविंद साहू,शिवम साहू,शारदा साहू, शिक्षक मुन्नालाल,प्रवेंद्र साहू,हरिशंकर साहू, हरिराम साहू, निशांत साहू,विनोद साहू,रोहित साहू,हर्ष साहू,मनोज साहू,सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

नोहटा के कलचुरी कालीन मंदिर को मिलेगी नई पहचान, 10 दिवसीय महोत्सव का भव्य आयोजन

# संस्कृति, आस्था और विकास का संगम बनेगा नोहलेश्वर महोत्सव- राज्यमंत्री

## नोहलेश्वर महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



हटा स्थित ऐतिहासिक नोहलेश्वर मंदिर परिसर में 5 फरवरी से 15 फरवरी तक 10 दिवसीय नोहलेश्वर महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के साथ-साथ 10 दिवसीय मेले का भी आयोजन होगा। दोनों आयोजनों को संयुक्त रूप से आयोजित करने के लिए व्यापक स्तर पर रचना-योजना तैयार की गई है। उद्देश्य यह है कि नोहटा का यह कलचुरी कालीन मंदिर प्रदेश और देश में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाए और नोहलेश्वर महोत्सव एक प्रदेश स्तरीय आयोजन के रूप में स्थापित हो। इस आशय की बात प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कही।राज्यमंत्री श्री लोधी कहा इस महोत्सव में देश-प्रदेश के नामी-गिरामी कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे, जिनमें अभिलिप्सा पांडा, पुनीत इस्सर एवं ग्रुप, कैलाश खेर सहित अन्य प्रमुख कलाकार शामिल हैं। इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों को भी बड़ा मंच दिया जाएगा, जहां 10 दिनों में लगभग 150 स्थानीय प्रस्तुतियाँ होंगी। उन्होने बताया इस आयोजन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 12 फरवरी को संभावित आगमन प्रस्तावित है, जिससे यह आयोजन और भी भव्य एवं दिव्य स्वरूप लेगा।उन्होने कहा महोत्सव के दौरान किसान सम्मेलन, महिला सम्मेलन, रोजगार मेला, कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम, समितियों का सम्मेलन तथा समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा 6 और 7 फरवरी को दो-दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा, जिसमें भोपाल से 150 से अधिक डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम सेवाएं देगी।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष किड्स जोन बनाया जा रहा है। मेले में मौत का कुआं, स्पंजिंग जंपिंग, हॉट एयर बैलून, आर्चरी एवं अन्य एडवेंचर स्पोर्ट्स भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। उन्होने विश्वास जताया कि यह मेला मध्य प्रदेश के श्रेष्ठ मेलों में से एक सिद्ध होगा। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस भव्य आयोजन में सहभागी बनें और नोहलेश्वर महोत्सव का आनंद लें। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन में आयोजित समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का पूरा प्रयास है कि यह आयोजन बेहतर व्यवस्थाओं के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो और इसकी प्रसिद्धि देश-विदेश तक पहुंचे।

इस आयोजित बैठक में भाव सिंह मासाब ,रूपेश सेन, सत्येंद्र सिंह, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, एसडीएम सौरभ गंधर्व, जिला एवं जनपद पंचायत व पुलिस प्रशासन के अधिकारी और मेला से जुड़े हुए समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

## खास बातें

### रविदास मंदिर में मनाई जयंती

**दमोह।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अहिरवार समाज द्वारा चैनपुरा बजरिया वार्ड 6 में नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर के पास रविदास मंदिर में 649वीं जयंती मनाई गई। जिसमें अहिरवार समाज संघ जिलाध्यक्ष बीडी बावरा, धीरज कुमार, रघुनाथ प्रसाद, राजू फौजी, प्रमोद कुमार, तुलसीराम एवं वार्ड के शंहर गणमान्य व्यक्ति पधारे जिसके बीच जयंती मनाई गई।

### सप्ताह में छुट्टी के एक दिन कोचिंग दूंगा छात्रों को-कलेक्टर

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को तेंदूखेड़ा प्रवास के दौरान दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र में स्थित विद्या समय पुस्तकालय पहुंचे जहां पुस्तकालय की एवं गौशाला की ब्यवस्थाएं देखकर प्रसन्नता जाहिर की। श्री कोचर ने कहा कि गौशाला आगमन सदैव अदभुत अनुभव देता है। पशु प्रबंधन से लेकर विद्यार्थी प्रबंधन तथा जीव दया को लेकर जो प्रारूप स्थापित किए गए हैं वे निश्चित ही प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय हैं। इसके अलावा श्री कोचर ने पुस्तकालय में उपस्थित छात्रों से परिचय लिया एवं उनको मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सप्ताह में छुट्टी के दिन मै यहां आकर कोचिंग दूंगा। इस दौरान गौशाला अध्यक्ष संजय जैन पारसमणि, महामंत्री अमरचंद्र जैन, राजेंद्र जैन दिगंबर, विवेक चैधरी, बसंत सेन, विदित तोमर, अजय यादव, मुकेश जैन, हर्ष राजपूत उपस्थित रहे।

### कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यशाला प्रशिक्षण में सहभागिता

**दमोह।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन(एप्को) द्वारा प्रायोजित पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने हेतु महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान केंद्र दमोह में आयोजित 10 दिवसीय कार्यशाला प्रशिक्षण में सहभागिता, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के.जैन एवं ईको क्लब प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। जिसमें कृषि वैज्ञानिक एवं उनके सहयोगियों के द्वारा पौधों में कटिंग प्रजनन विधि, ग्राफ्टिंग, चीप, विनेगर विधि, वर्मी कंपोस्ट, वर्मी बेड सेटअप एवं पौधों के संरक्षण में पॉलीहाउस या नेट हाऊस की उपयोगिता तथा महत्व पर प्रशिक्षण सहित वृहद जानकारी प्रदान किए जा रहे हैं। इस अवसर पर व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल विकास प्रदान किए जाने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र दमोह (प्रतिष्ठित संस्थान) के माध्यम से मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, केंचुआ खाद (वर्मी कम्पोस्ट) निर्माण तथा फल एवं सब्जियों के संरक्षण जैसे उपयोगी एवं रोजगारोन्मुख विषयों पर कार्यशाला प्रशिक्षण दिए जाने से वर्तमान समय में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में स्वरोजगार, उद्यमिता तथा सतत विकास को बढ़ावा देने में अत्यंत सहायक हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मुकेश कुमार अहिरवार के संरक्षण तथा कृषि वैज्ञानिक डॉ. बी. एल. साहू के दिशा निर्देश में उपलब्ध संसाधनों एवं विशेषज्ञों के द्वारा कार्यशाला/प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. नंदराम सुमन (वनस्पति शास्त्र विभाग प्रमुख), अतिथि विद्वान डॉ. ऋषिभा दीक्षित, गौरीशरण पटेल एवं श्री मनीष पटेल की विशेष सहयोग व उपस्थिति रही।

तस्करी की आशंका, पुलिस कर रही जांच

# जंगली इलाके में बंधे मिले गोवंश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

दमोह जिले के जबेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिग्रामपुर चौकी के ग्राम बड़ी सगौड़ी कला के भटारिया पौड़ी तालाब के पास जंगल क्षेत्र में गोवंश तस्करी से जुड़ा मामला सामने आया है। यहां विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने संदिग्ध अवस्था में बंधे हुए गोवंश देखे, जिनकी सूचना तत्काल बजरंग दल जबेरा प्रखंड संयोजक पंकज सिंघई एवं कटंगी निवासी रघुराज यादव द्वारा जबेरा थाना प्रभारी एवं सिग्रामपुर चौकी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। सिग्रामपुर पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक रणधीर ने बताया कि बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं से दर्जनों गोवंश के बंधे होने की जानकारी प्राप्त हुई थी। पुलिस एवं कार्यकर्ताओं की संयुक्त कार्रवाई में सभी गोवंशों को सुरक्षित रूप से जंगल क्षेत्र से मुक्त कराया गया और गुबरा गौशाला लाकर सुपुर्द किया गया, जहां उन्हें सुरक्षित रखा गया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्हें जंगल क्षेत्र में बड़ी संख्या में गोवंश बंधे होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर गोवंश रस्सियों से बंधे हुए मिले, जिससे आशंका है कि अज्ञात पशु तस्कर उन्हें अवैध रूप से कहीं ले जाने की तैयारी में थे। हालांकि, कार्यकर्ताओं की मौजूदगी की भनक लगते ही तस्कर मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि करीब 50 से अधिक गोवंशों को गुबरा गौशाला के सुपुर्द किया गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच प्रारंभ कर दी है। आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की जा रही है तथा अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है। वहीं विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## नोहलेश्वर महोत्सव से निखरेगी बुंदेलखंड की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान



**जबेरा।** नोहलेश्वर मंदिर का इतिहास अत्यंत प्राचीन और गौरवशाली है यह मंदिर कलचुरी कालीन स्थापित कला का उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है कहा जाता है कि इस भव्य मंदिर का निर्माण दसवीं - 11वीं शताब्दी के दौरान हुआ था मंदिर की शिल्प कला अलंकृत स्तंभ विशाल एवं कलात्मक नक्काशी आज भी दर्शकों को उस युग की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराती है ,पुरातत्वविदों के अनुसार नोहलेश्वर मंदिर मध्य भारत के प्रमुख शिव मंदिर में से एक है जहां प्राचीन काल से ही श्रद्धालु भगवान शिव की आराधना करते आ रहे है यह स्थल धार्मिक आस्था के साथ-साथ ऐतिहासिक एवं पर्यटन की दृष्टि से भी विशेष महत्व रखता है। इस नोहलेश्वर महोत्सव के दौरान देशभर के ख्याति प्राप्त कलाकारों के साथ साथ स्थानीय कलाकार भी अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से शमा बांधेगे, साथ ही महिला सम्मेलन किसान गोष्ठी और पर्यटन गतिविधियों के माध्यम से क्षेत्र की समृद्ध विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा महोत्सव को लेकर के श्रद्धालुओं एवं क्षेत्र वासियों में खासा उत्साह है आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही है।

## दमोह में खुलेगा एएसआई का सब-सर्कल कार्यालय

### जिला प्रशासन के लगातार पत्राचार और प्रयासों से यह संभव हुआ

**दमोह।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण – ASI) जबलपुर सर्कल के अंतर्गत दमोह में एक नए सब-सर्कल कार्यालय की स्थापना की जा रही है। यह कार्यालय शहर की एक प्राचीन इमारत, जिसे स्थानीय रूप से गिरजाघर भी कहा जाता था, में संचालित होगा। जिला प्रशासन के लगातार पत्राचार और प्रयासों से यह संभव हुआ है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया यह सब-सर्कल कार्यालय दमोह एवं आसपास के क्षेत्रों में स्थित संरक्षित स्मारक स्थलों के संरक्षण, देखरेख और रखरखाव से संबंधित कार्यों के लिए उत्तरदायी रहेगा। नवस्थापित कार्यालय में कंज़र्वेशन असिस्टेंट (Conservation Assistant) सहित अन्य सहयोगी स्टाफ की तैनाती की जाएगी, जो स्मारकों के संरक्षण, मरम्मत तथा नियमित रखरखाव के कार्यों को संपादित करेंगे। ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व जबलपुर सर्कल के अंतर्गत सागर, जबलपुर, रीवा एवं खजुराहो सब-सर्कल कार्यरत थे। अब दमोह में नए सब-सर्कल की स्थापना से क्षेत्रीय स्मारकों के संरक्षण कार्यों को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जा सकेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्यालय 15 फरवरी के बाद प्रारंभ होने की संभावना है। वर्तमान भवन में मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है, जिसमें छत की वाटरप्रूफिंग, ग्रिल व जाली का निर्माण, मैदान का समतलीकरण, बगीचे का विकास, लाइट फिटिंग तथा रंगाई-पुताई शामिल है।

# तेंदूखेड़ा के अभिषेक जैन बने डिप्टी कलेक्टर, हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर के लिए गर्व का विषय है कि नगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता नेमचंद जैन के सुपुत्र अभिषेक जैन का चयन एमपीपीएससी परीक्षा वर्ष 2025 में डिप्टी कलेक्टर के प्रतिष्ठित पद पर हुआ है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके प्रथम नगर आगमन पर ते नगर में हर्षोल्लास का वातावरण रहा अभिषेक जैन के नगर आगमन पर प्रमुख मार्गों से डीजे, बैंड-बाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह समाज के सभी वर्गों के नागरिकों, इष्ट-मित्रों एवं आत्मीयजनों द्वारा मंगल तिलक, पुष्पमालाएं, शाल-श्रीफल भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया तथा आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी गईं। इसके पश्चात जैन धर्मशाला में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नगर एवं क्षेत्र की सकल समाज के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर अपनी बधाइयाँ प्रेषित कीं। इस अवसर पर अभिषेक जैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता, माता, नाना एवं मामा को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद से ही यह मुकाम संभव हो सका। अभिषेक जैन की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर तेंदूखेड़ा से दसवीं तक, 11वीं-12वीं की शिक्षा उत्कृष्ट विद्यालय तेंदूखेड़ा से हुई। उन्होंने रानी होलकर महाविद्यालय, इंदौर से स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त की तथा एमपीपीएससी की कोचिंग भी इंदौर से ही की। उनका प्रशासनिक सफर अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। वर्ष 2021 में वित्त विभाग में लेबर ऑफिसर, वर्ष 2022 में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वर्ष 2024 में डीएसपी, तथा वर्ष 2025 में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित होकर उन्होंने निरंतर परिश्रम का उदाहरण प्रस्तुत किया है। अभिषेक जैन ने स्पष्ट लक्ष्य के साथ कड़ी मेहनत कर न केवल अपने माता-पिता, परिवार, जैन समाज बल्कि संपूर्ण नगर और सकल समाज का नाम रोशन किया है।

# इलाज कराकर लौट रहे बुजुर्ग की बस में हुई मौत



**तेंदूखेड़ा।** दमोह से तेंदूखेड़ा बस से आ रहे 53 वर्षीय गुटटी आदिवासी की तेजगढ़ के पास बस में ही मौत हो गई। मृतक के बेटे हल्ले ने बताया कि हम लोग नगर के वार्ड क्रमांक 8 विघानगर में निवास करते हैं, पिता गुटटी का श्वास बढ़ने का इलाज कराने दमोह जिला चिकित्सालय मंगलवार सुबह मोटरसाइकिल से ले गया था। लौटते समय मौसम ठंडा होने के कारण दोपहर 3.20 बजे की बुदेलखंड बस में बिठाया मैं मोटरसाइकिल से बस के पीछे चल रहा था। तेंदूखेड़ा पहुंचने पर मेरे पिताजी की मौत की जानकारी मिली। बुदेलखंड बस के कंडेक्टर सुरेश महराज ने बताया कि एक लड़का बुजुर्ग को बैठाने आया था तेंदूखेड़ा तक का किराया भी लड़के ने दिया। जब बस में गुटटी बैठा था तो ठीक था हाथ में निडिंल लगी हुई थी मैनें पूछा तो बताया कि इलाज कराने दमोह आएं थे लेकिन तेजगढ़ के पास उसकी हालत बिगड़ गई। जबलपुर जा रही प्रधान आरक्षक नीतू बेन ने तुरंत ही सीपीआर दिया लेकिन गुटटी की जान नहीं बच सकी। बस को बिना रोके सीधे तेंदूखेड़ा ले जाया गया बस कंडेक्टर ने द्वारा पुलिस को सूचना दी गई साथ ही बस के तेंदूखेड़ा पहुंचने पर आरक्षक विशाल बेन के द्वारा गुटटी को बस से उतारकर अस्पताल ले जाया गया। जहां डांक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया।

**जबलपुर की प्रधान आरक्षक ने दिया सीपीआर लेकिन नहीं बच सकी जान**

## स्वर्णकार सोनी समाज का दो दिवसीय परिचय एवं विवाह सम्मेलन कल से

**जबेरा।** आगामी पांच एवं 6 फरवरी 2026 को नगर जबेरा में सर्व स्वर्णकार सोनी समाज का दो दिवसीय परिचय एवं सामाजिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के संबंध में कार्यक्रम के अध्यक्ष मुन्नालाल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 5 फरवरी को वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में (कृषि उपज मंडी जबेरा में) समस्त स्वर्णकार समाज के पधारे हुए अतिथियों का आपस में परिचय कराया जावेगा तथा 6 फरवरी 2026 को विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें रजिस्ट्रेशन कराने वाले सभी जोड़ों का 5 फरवरी को ही उम्र संबंधी आवश्यक दस्तावेज जिसमें आधार कार्ड ,मार्कशीट ,जन्म प्रमाण पत्र की जांच की जावेगी जांच उपरांत समस्त पात्र हितग्राहियों का 6 फरवरी को पूर्ण हिंदू रीति रिवाज से विवाह कराया जावेगा। इस सम्मेलन में दमोह कटनी जबलपुर नरसिंहपुर छिंदवाड़ा एवं आसपास के अन्य जिलों से भी सामाजिक लोगों की गरिमा मय उपस्थित रहेगी। समस्त कार्यक्रम समाज के वरिष्ठ लोगों की उपस्थिति में उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं के समक्ष आयोजित किये जावेगें। कार्यक्रम के सहसंयोजक एवं जिला कांग्रेस कमेटी दमोह के उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से सामाजिक एकता को बल मिलता है तथा एक दूसरे सामाजिक बंधुओं को जानने एवं पहचानने का अवसर मिलता है। मैं समस्त सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर के इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील करता हूं।

## चौकी कक्ष की दुर्दशा, 6 माह से बंद



**तेंदूखेड़ा।** वन परीक्षेत्र झलोन अंतर्गत ग्राम सेहरी में निर्मित वन चौकी की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। यह चौकी पिछले लगभग छह महीनों से ताला बंद पड़ी है, जिससे इसका उद्देश्य ही निष्फल होता नजर आ रहा है। वर्तमान में चौकी परिसर में पशुओं द्वारा गोबर किया जा रहा है, चारों ओर गंदगी फैली हुई है और भवन की हालत दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौकी में आज तक नियमित सफाई नहीं हुई, न ही यह स्पष्ट है कि नाका अथवा चौकी की साफ-सफाई की जिम्मेदारी किसकी है। कई महीनों से ताला बंद होने के कारण यह भवन अब असामाजिक तत्वों और पशुओं का अड्डा बनता जा रहा है, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है। गौरतलब है कि शासन द्वारा इन चौकियों का निर्माण जंगलों की सुरक्षा, अवैध कटाई पर रोक, वन्यजीव संरक्षण एवं वनरक्षकों के ठहराव की सुविधा के लिए किया गया था। लेकिन जब चौकी ही बंद पड़ी हो और उसकी देखरेख न हो, तो जंगलों की प्रभावी सुरक्षा कैसे संभव होगी— यह एक गंभीर प्रश्न है। चौकी भवन की दीवारें जर्जर होती जा रही हैं, परिसर में झाड़ियाँ उग आई हैं और साफ-सफाई के अभाव में संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। इनका कहना-- वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश मसीह का कहना है कि वहां पर पदस्थ वनरक्षक 5-6 जगह के चार्ज में है इस कारण 6 माह से वहां कोई नहीं रह रहा है इसके पहले वन समिति अध्यक्ष रहते थे जिनसे भवन खाली करवाया गया है अति शीघ्र वहां भवन को व्यवस्थित करवाने की दिशा में कार्य किया जाएगा ताकि भवन सुरक्षित रहे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं अरविंद कुर्मी उम्र 23 वर्ष पिता श्री विंद्रावन कुर्मी निवासी ग्राम गूढ़ा तह. बटियागढ़ जिला दमोह म.प्र. शपथपूर्वक निम्न कथन करता हू- यह कि मैं ग्राम गूढ़ा तह. बटियागढ़ जिला दमोह म.प्र. का निवासी हूं। यह कि मेरी कक्षा 10 की अंकसूची में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश BRINDAVAN दर्ज हो गया है। जबकि उनका वास्तविक नाम विन्द्रावन कुर्मी है। यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं वोटर आईडी में मेरे पिता का नाम VINDRAVAN KURMI दर्ज है। यह कि मेरे पिता को BRINDAVAN एवं VINDRAVAN KURMI दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है मेरे पिता के दोनों नाम प्रचलन में हैं इस वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

# प्रयास ने किया पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम




**दमोह।** जिले की प्रमुख पर्यावरण संस्था प्रयास ने स्थानीय शासः सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पूर्व प्राचार्य पारस कुमार जैन के मुख्य आतिथ्य और शाला प्राचार्य श्रीमती सुलक्षणा हजारी की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें प्रयास के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, एम. एल. जैन, बहादुर सिंह ठाकुर और डॉ. एल. सी. जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रायोजक सेवा निवृत्त शिक्षक एम. के. खरे थे। दीप, प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये पारस जैन ने प्रश्नों के माध्यम से 20 विद्यार्थियों का चयन प्रतियोगिता हेतु किया। तत्पश्चात डॉ० एल०सी० जैन ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से संबंधित एक रोचक कहानी बच्चों को सुनाई। एम. के. खरे ने सुनाई गई कहानी के आधार पर बच्चों से पूछे। प्रतियोगिता में बच्चों को आकर्षक पुरुस्कार दिए गये। उपरोक्त अवसर पर प्रदीप अग्रवाल ने अपने मधुर कंठ से गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती हजारी ने कार्यक्रम को रोचक, मनोरंजक और ज्ञानवर्धक बताया। एम.एल. जैन और बहादुर सिंह ठाकुर सक्रिय भूमिका में देखे गये। कार्यक्रम में संपूर्ण शाला स्टॉफ ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

करन पुरा बीट में मशीनों से कराया जा रहा काम...

# वन विभाग के अधिकारियों की मनमानी मजदूरों के हक पर डाल रहे डांका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



वन विभाग के तेजगढ़ रेंज के अंतर्गत आने वाली करनपुरा बीट में जोगी खेड़ा देवतरा में जेसीबी मशीनों से तलैयों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यह कार्य वन विभाग के द्वारा किसी योजना के अंतर्गत कराया जा रहा है इस कार्य के संबंध में वन विभाग के द्वारा किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। एक और जहां केंद्र एवं राज्य सरकार मजदूरों का पलायन रोकने एवं उन्हें ग्राम में ही रोजगार देने के बड़े-बड़े वादे करती है वही इस सरकार के अधिकारी मजदूरों के हक पर सरे आम डाका डाल रहे हैं। इस संबंध में जब मौके पर मौजूद बीट प्रभारी झलकन प्रसाद साहू से बात की गई तो उनके द्वारा कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया,जब इस संबंध में तेजगढ़ रेंजर नीरज पांडे से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया इसके बाद डिप्टी रेंजर से बात करने के लिए फोन लगाया तो उन्होंने भी फोन रिसीव नहीं किया। कहीं ऐसा तो नहीं कि वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा ही पैसों का लेनदेन करके शासन की आंखों में धूल झोंकी जा रही है। इस संबंध में हमारे संवाददाता के द्वारा जानकारी मांगने पर जानकारी तो नहीं दी गई परंतु मशीनों से कराया जा रहे कार्य को बंद अवश्य ही कर दिया गया। अब देखना यह होगा कि उक्त मामले की जानकारी विभाग के उच्च अधिकारियों को मिलने पर वन विभाग की द्वारा अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की जाती है।